**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**08.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह और उल्लास मेले को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आज ये घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1971 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल ने क्रांतिकारी बदलाव किए हैं जिसके चलते आज प्रदेश साक्षर राज्य बना है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके मद्देनजर डे–बोर्डिंग स्कूल, पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई सहित अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिमाचल की साक्षरता दर 99 दशमलव तीन शून्य फीसद है जो राष्ट्रीय स्तर की साक्षरता दर 80 दशमलव 9 प्रतिशत से कहीं अधिक है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शेष 56 हजार 9 सौ 60 निरक्षरों को साक्षर बनाने की नई योजना का भी ऐलान किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

---

**जीएसटी सुधार – नवीकरणीय ऊर्जा**

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। अधिक सक्षम और जनहितैषी अर्थव्यवस्था बनाने का नरेन्द्र मोदी का यह सपना 3 सितंबर को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद ने आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुये दरों को तर्कसंगत बनाने की मंजूरी दी। परिषद ने पुरानी कर प्रणाली में 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों को सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो दरों में बदल दिया। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरें कम करके नागरिकों का जीवन आसान बनाने का प्रयास किया है। आज हम नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों पर नज़र डालेंगे। आम आदमी पर केंद्रित जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगे।

---

**एमओयू मांडविया**

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढाने और कौशल विकास के लिए एक निजी कंपनी के साथ समझौता किया है। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया की उपस्थिति में आज नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर मांडविया ने रोजगार सृजन को सशक्त और आत्म निर्भर भारत का महत्वपूर्ण स्त्म्भ बताया। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों के साथ

साझेदारी से न सिर्फ रोजगार के ज्योदा अवसर उपलब्ध होंगे बल्कि इससे कृषि, सेवा और विनिर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का विकास होगा और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल रोजगार सृजित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसमें 51 लाख पंजीकरण हुए हैं और 28 हजार अंतर्राष्ट्रीय नौकरियों समेत 46 लाख रिक्तियां सूचीबद्ध की गईं।

---

**त्रिलोक जम्वाल**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के वेतन कटौती की अधिसूचना को अमानवीय बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि त्यौहारों के समय केन्द्र व राज्य सरकार अपने कर्मचारियों को डी.ए. का तोहफा देती है लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार ने ऐसे समय में वेतन कटौती की अधिसूचना जारी कर कर्मचारियों के खिलाफ तुगलकी फरमान जारी किया है।

---

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं हालांकि कुछ स्थानों में मानसून की हल्की वर्षा का क्रम जारी है। राज्य के कई स्थानों पर भारी वर्षा के दौर में कमी आने से प्रशासन ने राहत व बचाव कार्य तेज़ कर दिए हैं। राज्य में अभी भी 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 20 सड़कें अवरूद्ध हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

---